BAPPA SRI NARAIN VOCATIONAL POST GRADUATE COLLEGE (KKV)

STATION ROAD, CHARBAGH, LUCKNOW, UTTAR PRADESH-226001

PROF. RAM KUMAR
HEAD
EMAIL: rktshri@gmail.com
MOB. NO.: 9415755950
DATE: 22/03/2024

कैरियर के लिए अतिआवश्यक है सॉफ्ट स्किल

बप्पा श्री नारायण वोकेशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय के भौतिक विज्ञान विभाग में फिजिक्स एसोसिएशन के द्वारा करियर काउंसलिंग विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान के मुख्यवक्ता के रूप में श्री सत्येंद्र कुमार सिंह, करियर काउंसलर एवं मैंटोर के रूप में उपस्थित रहे सर्वप्रथम भौतिक विज्ञान विभाग के विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर रामकुमार जी द्वारा श्री सत्येंद्र कुमार सिंह को अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत किया गया साथ ही प्रोफेसर श्री अखिलेश चौधरी जी द्वारा पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मानित किया गया। मुख्यवक्ता श्री सत्येंद्र कुमार सिंह ने बहुत ही उत्साहजनक तरीके से कैरियर चयन में आवश्यक सभी जानकारी को छात्रों के साथ साझा किया। उन्होंने बताया कि किसी भी क्षेत्र में आगे बढ़ने से पहले लक्ष्य का चयन अत्यन्त आवश्यक है। इस संदर्भ में आगे समझाते हुए उन्होंने छात्रों को यह बताया कि किस प्रकार वे नई तकनीकियों का इस्तेमाल करके अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा की इंटरनेट के माध्यम से आज सभी लोग अपने हर प्रश्न का उत्तर प्राप्त कर सकते हैं उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि वर्तमान परिदृश्य में सॉफ्ट स्किल का होना नितांत आवश्यक है।

उन्होंने विद्यार्थियों से यह भी कहा कि अपने लक्ष्य को पाने के लिए सभी को हमेशा उत्साहित ऊर्जावान और लक्ष्य केंद्रित रहना चाहिए। हमें कभी भी छोटे प्रलोभन में फसकर अपने लक्ष्य से भटकना नहीं चाहिए। कार्यक्रम में कुल 78 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। फिजिक्स एसोसिएशन की उपाध्यक्ष छात्रा कु० अक्षिता मिश्रा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन एम०एस-सी० के छात्र हर्ष द्विवेदी द्वारा किया गया।

BAPPA SRI NARAIN VOCATIONAL POST GRADUATE COLLEGE (KKV)

STATION ROAD, CHARBAGH, LUCKNOW, UTTAR PRADESH-226001

BAPPA SRI NARAIN VOCATIONAL POST GRADUATE COLLEGE (KKV)

STATION ROAD, CHARBAGH, LUCKNOW, UTTAR PRADESH-226001



Prof. Ram Kumar
(Head)